तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

कर्ज होने पर इकलौते बेटे ने अपने ही अपहरण की कहानी बनाकर पिता से मांगी थी 10 लाख रुपए की फिरौती


4



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025




Advt.

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में मृतक के वारिस को मिलेंगे 25 हजार

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटना में मृतक स्वर्गीय चेतराम बंजारा, पिता देशा राम बंजारा के निकटम वारिसान को आर्थिक सहायता अनुदान राशि हेतु 25 हजार रूपये की स्वीकृति मिली हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव से मिली जानकारी के अनुसार साकिन-सुसडेगा, तहसील पत्थलगांव निवासी चेतराम बंजारा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। शासन के निहित आदेश एवं प्रावधान के तहत उनके निकटतम वारिस सनकुंवर बाई को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 10 को

**अम्बिकापुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 10 अक्टूबर को जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत करजी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सर्व सरपंच एवं सचिवों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा कोटवार से मुनादी कराने कहा है ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर में उपस्थित होकर अपने समस्याओं का निराकरण करा सके।

### नर्सिंग होम एक्ट के तहत मेडिकल स्टोर व लैब सील

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक, पैथोलैब, नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर में उपचार करने वालों झोला छाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बलरामपुर में निरीक्षण कर अवैध रूप से उपचार करने वाले संस्थाओं पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत सृष्टि मेडिकल स्टोर एवं नीलम हाईटेक डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सृष्टि मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से उपचार करना एवं बगैर फार्मासिस्ट के दवाओं का विक्रय करना पाया गया। इसी प्रकार नीलम हाई टेक डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर में रक्त परीक्षण एवं मरीजों को सुई लगाना व बच्चों को भाप देना पाया गया जो छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2013 का उल्लंघन है, जिसके तहत संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त दोनों संस्था को सीलबंद कर दिया गया है।

### देसी कट्टे के साथ दो बंदी फैला रहे थे दहशत

**अंबिकापुर।** जंगल में देशी कट्टा से फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डूमरपान करवनिया जंगल के समीप आनंद गौतम और मंसूर खान कट्टा लहराते हुए लोगों को धमका रहे है और फायरिंग की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। इस दौरान यह बात सामने आई कि आनंद गौतम ने फायरिंग कि और फिर अपने यूपी अपने ससुराल की ओर भाग रहा है। पुलिस ने यूपी के म्योरपुर में जाकर घेराबंदी की और आरोपी सनावल डूमरपार निवासी आनंद गौतम व कुर्लूडीह निवासी मंसूर खान को हिरासत में लेकर उनके पास से देशी कट्टा बरामद किया है।

# छत्तीसगढ़ में डेढ़ माह तक मनाया जाएगा करमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं से परिपूर्ण राज्य है। यहां की आदिवासी संस्कृति, लोक नृत्य, लोकगीत और पारंपरिक पर्व न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में पूरे राज्य में भव्य करमा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। करीब डेढ़ माह तक चलने वाला यह कार्यक्रम 04 चरणों में आयोजित होगी। ग्राम स्तर पर इसकी शुरूआत 01 अक्टूबर से हो चुकी है। समापन राज्य स्तर पर 15 नवंबर को ⏭ शेष पेज 4 पर

■ जनजातीय परंपराओं की झलक बिखेरेंगे नर्तक दल

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु विशेष रूप से हैं प्रयासरत**



### मनोकामना पूर्ण करने वाला वृक्ष

करमा महोत्सव मनाए जाने का उद्देश्य जनजातीय समुदायों द्वारा मनाये जाने वाले त्यौहारों में करम उत्सव एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इसके साथ ही सेंदों दो नृत्य एवं अन्य स्थानीय नृत्यों को भी महोत्सव के माध्यम से जनजातीय संस्कृति एव परम्परा को संरक्षित करना तथा मूल स्वरूप में आगामी पीढी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परम्पराओं को अभिलेख करना है। करम अर्थात विशेष प्रकार का पूजनीय और मनोकामना पूर्ण करने वाला वृक्ष माना जाता है। करमा डाल को करम राजा, करम सेनी के नाम से पुकारा जाता है। करम राजा अर्थात देवता एवं करम सेनी अर्थात देवी। सरगुजा संभाग के सभी जिलों में देवता के रूप में तथा जिला रायगढ में देवी के रूप में करम सेनी की सेवा की जाती है। इस त्यौहार के माध्यम से ⏭ शेष पेज 4 पर

### चार चरणों में होगा महोत्सव

करमा महोत्सव ग्राम पंचायत स्तर, विकासखंड, जिला और राज्य स्तर परं आयोजित की जाएगी। ग्राम स्तर पर 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक, विकासखंड स्तर पर 16 से 31 अक्टूबर तक, जिला स्तर पर 01 नवंबर से 07 नवंबर तक और राज्य स्तर पर 08 नवंबर से 15 नंवबर तक मनाया जाएगा। करमा महोत्सव में करमा नृत्य, करमा गीत, जनजातीय लोक गायकों का प्रतिनिधित्व एवं जनजातीय समुदायों में प्रचलित परम्परागत वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। विकासखण्डों के अंतर्गत आने वाले चयनित ग्राम पंचायत में करमा त्यौहार कार्यकम आयोजन प्रति ग्राम 02 हजार रूपए के मान से तथा विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम हेतु प्रति वि.ख. 01 लाख तथा जिला स्तर में कार्यक्रम हेतु राशि 5 लाख रूपए तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु क्षेत्र एवं बजट उपलब्धता के आधार पर उपलब्ध करायी जायेगी। विकासखण्ड स्तर पर चयनित 02 करम नर्तक दलों को चिन्हांकित करते हुए जिलों में कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण हेतु भेजा जाएगा। जिला स्तर से चयनित 01 करम नर्तक दलों को राज्य स्तर में प्रस्तुतीकरण हेतु भेजा जायेगा।

## ट्रक से पकड़ी गई 426 कार्टून में भरी 3825 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब

# ऑपरेशन आघात में पुलिस की एक और बड़ी कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चल रहे "ऑपरेशन आघात"के तहत जशपुर पुलिस ने फिर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगडीह के पास नेशनल हाइवे 43 पर नाकेबंदी के दौरान 426 कार्टून में भरी 6300 बोतलों (3825 लीटर) अंग्रेजी शराब से लदा ट्रक पकड़ा है। पुलिस ने ट्रक समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ कीमत 22 लाख से अधिक, पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

जप्त शराब की बाजार कीमत 22 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त ट्रक क्रमांक आरजे -09 जी ई-0124 की कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में जशपुर पुलिस ने रणवीर सिंह (42 वर्ष), निवासी ग्राम कांग, गोविंदलाल साहिब, तरनतारन (पंजाब),जगदीप ⏭ शेष पेज 4 पर



### ड्राइवर को 50 हजार रुपए में दिया गया था ट्रक

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी रणवीर सिंह ने बताया कि उसे हरियाणा के रोहतक से ट्रक रांची तक पहुंचाने के लिए 50 हजार रुपए दिए गए थे। उसने दावा किया कि उसे यह नहीं पता था कि ट्रक में शराब लदी हुई है। पुलिस को संदेह है कि यह मामला अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह से जुड़ा हुआ है, जो पंजाब, हरियाणा से शराब लाकर बिहार भेजने का नेटवर्क संचालित करता है। पुलिस इस पूरे सिंडिकेट की जांच में जुटी हुई है।

### नए तरीके से कर रहे थे तस्करी

पुलिस की जांच में सामने आया है कि गिरोह के सरगना बेहद चालाकी से काम कर रहे हैं। वे ड्राइवरों को लालच देकर केवल सीमित दूरी तक ट्रक चलाने को कहते हैं। हर चरण में ट्रक किसी नए व्यक्ति को सौंपा जाता है ताकि मुख्य तस्कर की पहचान छिपी रहे और ड्राइवरों को यह पता न चले कि ट्रक कहां से माल लेकर कहां जा रहा है। इसी रणनीति के चलते अब तक ये तस्कर कई राज्यों की सीमाएं पार करने में सफल हो रहे थे। वर्तमान प्रकरण में भी ट्रक रोहतक (हरियाणा) से ग्वालियर (मध्यप्रदेश), फिर अंबिकापुर होते हुए जशपुर और रांची (झारखंड) तक पहुंचाया जा रहा था। लेकिन जशपुर पुलिस की सतर्कता और सक्रिय मुखबिर तंत्र के चलते ट्रक को आगडीह के पास ही पकड़ लिया गया।

### बड़े गिरोह की होगी जल्द गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस ने सिटी कोतवाली क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करते ट्रक को पकड़ा है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह के तीन प्रकरणों में पहले भी ट्रक पकड़े जा चुके हैं। पुलिस की एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन जारी है। हमें गिरोह से जुड़े कुछ अहम सुराग मिले हैं, जल्द ही बड़े खुलासे किए जाएंगे।"

## जशपुर वनमण्डल में मनाया जा रहा वन्यजीव संरक्षण सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन जशपुर वनमण्डल के समस्त परिक्षेत्रों में किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में इस वर्ष 2025 में वन्यजीव सप्ताह मनाये जाने हेतु ''मानव-पशु सह अस्तित्व विषय चुना गया है। साथ ही वन्यजीव सप्ताह के दौरान मानव-हाथी संघर्ष को ध्यान में रखते हुए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी तारतम्य में हाथी मानव द्वंद को न्यूनतम करने उद्देश्य से जशपुर वनमण्डल द्वारा गजरथ यात्रा 2025 का शुभारंभ किया गया है। गजरथ यात्रा फरसाबहार एवं कुनकुरी तथा बगीचा विकासखण्ड अन्तर्गत आने वाले 75 स्कूलों में पहुंचकर हाथी के व्यवहार एवं गतिविधि की जानकारी लगभग 8205 छात्र व छात्राओं को अब तक दिया जा चुका है और वर्तमान में पत्थलगांव विकासखंड में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

## मण्डल संयोजक मुख्यालय से रहते हैं नदारद

**पत्थलगांव।** प्रभारी मण्डल संयोजक सरकारी आदेश से पद पर है लेकिन विकासखंड के मुख्यालय में कभी नहीं रहते।

जशपुर जिले का मुख्य विकासखंड जहां परमानन्द साय पैंकरा को प्रभारी मण्डल संयोजक के पद में रहकर कुल 33 छात्रावास एव आश्रम , बालक और बालिका दोनों की व्यवस्था देखनी है। स्थानीय अधिकारियों से लेकर किसी को ये नहीं पता है कि मण्डल संयोजक कहा रहते हैं। मण्डल संयोजक परमानन्द साय पैंकरा को पत्थलगांव मुख्यालय में रहकर छात्रावास निरीक्षण से लेकर सरकारी योजना जैसे धरती आंबा, कर्मयोगी आदि कार्यक्रमों में गांव गांव जाकर शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना होता है। मुख्यालय में मौजूद नही रहकर कैसे गांव के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा । जिसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला के आला अधिकारियों को भी नहीं है।जिस तरह उनके पत्थलगांव निवास ऑफिस में जाने रास्ता में घास फूस उगे हुए हैं उससे ये साफ जाहिर होता है कि प्रभारी मण्डल संयोजक पत्थलगांव मुख्यालय में नही रहते।



■ दफ्तर परिसर की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां आने जाने वाला कोई नहीं है

### जांच कराएंगे: एसडीएम

प्रभारी मण्डल संयोजक परमानन्द साय पैकरा के मुख्यालय में नहीं रहकर कार्य करने की शिकायत पर पत्थलगांव के एसडीएम ऋतुराज बिसेन ने कहा कि मुझे ये जानकारी मिली है कि प्रभारी मण्डल संयोजक परमानन्द साय पैकरा अपने मुख्यालय में नही रहते हैं। मैं जांच करवाता हूं। सही पाए जाने पर सबंधित विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने अनुशंसा की जाएगी।

## फर्जी प्रमाण पत्र किया जमा, समूह पर होगी कार्रवाई

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन , मुख्यमंत्री की घोषणा और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने कहा- भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के घोषणा के तहत स्वीकृति कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें इसके साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से जिला अस्पताल में मरीजों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में जिस अधि स्व सहायता समूह द्वारा भोजन का ठेका दिया गया है। उसकी शिकायत प्राप्त हुई और शिकायत में समूह द्वारा गलत अनुभव प्रमाण पत्र बनाकर ठेका प्राप्त किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और अधि स्व सहायता समूह पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।



कलेक्टर ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करके विभागीय जांच के माध्यम से शासकीय सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ हितग्राहियों को देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल के बोझ से मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उठाएं योजना के तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

**अनुविभाग स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक**

# वन अधिकार अधिनियम प्रमाण पत्र जारी करने प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जशपुर विश्वास राय मस्के की अध्यक्षता में अनुविभाग स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मारूत नन्दन पाण्डेय, उप प्रबंधक (पर्यावरण), एनएचएआई डीपीआर सलाहकार दिल्ली सहित समिति के सदस्य रंजीत भगत (जनपद पंचायत मनोरा), संजय लकवा (जनपद पंचायत सदस्य जशपुर), करन सिंह (अनुविभागीय अधिकारी, वन जशपुर), लोकहित भगत (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जशपुर) एवं मण्डल संयोजक जशपुर उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित "पत्थलगांव-जशपुर-सीजी व जेएच बॉर्डर ग्रीनफील्ड राजमार्ग के 4-लेन का विकास" (कुल लंबाई 104.250 किमी.) परियोजना के लिए वन भूमि के गैर-वानिकी उपयोग हेतु वन अधिकार अधिनियम प्रमाण पत्र जारी करने के विषय पर चर्चा की गई। यह परियोजना भारतमाला परियोजना (लॉट-5 पैकेज-7) के अंतर्गत प्रस्तावित है।



इस संबंध में ग्रामसभाओं से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा की गई। अनुविभाग जशपुर अंतर्गत बरगांव, भेलवाडीह, बिरोपानी, बोकी, गिरला, झोलंगा, लोखंडी, नारायणपुर सहित कुल 9 ग्रामों की ग्रामसभाएं आयोजित कर ग्राम वन समितियों द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 (संशोधित 2012) के तहत प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें किसी भी स्तर पर कोई पट्टा लंबित नहीं पाया गया। प्रस्तुत ग्रामवार प्रस्तावों के अनुसार कुल 37.40 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित पाया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त क्षेत्र हेतु वन अधिकार अधिनियम (FRA) प्रमाणपत्र जारी करने की अनुशंसा की जाए, जिससे परियोजना कार्यवाही आगे बढ़ सके। अनुविभागीय अधिकारी (रा) विश्वास राय मस्के ने बताया कि यह प्रस्ताव वन संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम, 1980 के अंतर्गत आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए पारित किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्य को क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और परियोजना को शीघ्र गति देने की अनुशंसा की।

## हटाया गया अवैध अतिक्रमण किया गया पौधरोपण




**जशपुरनगर।** वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत परिक्षेत्र सन्ना के कक्ष क्रमांक पी 99 रकबा 0.900 हे., वनखंड सारंगपाठ के तावापानी नामक स्थन पर शंकर यादव वल्द साधूचरण, जाति, अहीर, साकिन जोकारी के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। उक्त अतिक्रमण स्थान पर दिनांक 05.10.2025 को पौध रोपण कर अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। पौध रोपण कार्य उपरांत समस्त ग्रामीणों द्वारा संकल्प लिया गया कि उपरोक्त अतिक्रमण स्थल में लगे पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल सभी के आपसी सहयोग से किया जायेगा। यदि लगाये गये पौधों को अभियुक्त द्वारा नुकसान पहुंचाया जाता है तो उसे विरूद्ध अपराध प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### लहपटरा मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**लहपटरा।** शताब्दी वर्ष पर मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पद संचलन किया गया। अपराह्न 4 बजे एकत्रीकरण पश्चात स्वास्थ्य वचन के साथ किया गया 4.30 शाम पथ संचलन मिडिल स्कूल ग्राउंड से शिव मंदिर होते हुए बस्ती भ्रमण करते हुए मिडिल स्कूल में पहुंचकर समाप्त हुआ। मुख्य प्रवक्ता विभाग सहकारवान अजय मिश्रा कहां कि 1925 में डॉ. केशवराव हेगडेवाल द्वारा 10 लोगों के साथ विजयदशमी के दिन संघ की स्थापना कर शाखा की शुरुआत की। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। विभिन्न अभियानों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपने यहां भूमिका निभा रही है। आज शास्त्र और शस्त्र की पढ़ाई जरूरी हो गई है धीरे-धीरे हम शास्त्र और शस्त्र को भूलते जा रहे हैं। प्रार्थना उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान खंड सेवा प्रमुख सुरेश गुप्ता, खंड कारवां यतिन पांडे, मंडल प्रमुख जगदीश, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे।

### सलका मंडल के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



**सलका अघिना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल सलका द्वारा संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हाईस्कूल ग्राउंड में धूमधाम से विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन मनाया गया। सलका मंडल अंतर्गत आसपास के ग्यारह ग्राम के स्वयंसेवकों ने नगर पुराने हाई स्कूल परिसर से सलका अघिना गांव में संचलन किया। संचलन उपरांत कार्यक्रम स्थल पर शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोक्ष नारायण गुप्ता एवं कार्यक्रम में वक्ता विवेक सक्सेना,प्रांतीय सदस्य विधा भारती रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्रहित के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करते हैं। श्री सक्सेना ने संघ के सौ वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि कुछ युवाओं को लेकर शुरू किया गया संघ आज विश्वव्यापी हो गया है। संघ अपना उद्देश्य प्रारंभ से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का लेकर चला वही आज भी निरंतर जारी है। संघ से आज कई संगठन बन गए और अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में खंड संघचालक जटाधारी सिंह, जिला कार्यवाह अनीश गुप्ता धर्म जागरण विभाग संयोजक विरेन्द्र शर्मा, बौद्धिक प्रमुख सत्येंद्र गुप्ता, राजपाल सिंह, निरंजन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, शिवकुमार, गिरीश गुप्ता, जर्नादन गुप्ता, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### आरएसएस मंडल करंजी का दतिमा में हुआ पथ संचलन



**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल करंजी का पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव ग्राम दतिमा के हाई स्कूल ग्राउंड में संपन्न हुआ,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कोरिया विभाग के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी उपस्थित रहे,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक तुलसी राजवाडे.एवं करंजी मंडल के मंडल प्रमुख कुबेर राजवाड़े मंचासीन रहे,शताब्दी वर्ष के निमित्त विजयादशमी उत्सव के पथ संचलन का ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत किया,परंपरानुसार अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया,कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक अमरजीत राजवाड़े,प्रार्थना प्रमुख प्रशांत, सुभाषित मुकेश कुमार,अमृतवचन मेघनाथ,एकल गीत सुरेश मानिकपुरी द्वारा प्रस्तुति की गई,परिचय मंडल कार्यवाह देवा राजवाडे.द्वारा कराया गया,मुख्य वक्ता नागेश नाथ योगी ने कहा कि हिन्दू समाज का पुनर्जागरण ही संघ का उद्देश्य रहा है,संघ का लक्ष्य हिन्दू समाज को संगठित करना है,अस्पृश्यता जैसे कई अंतर्निहित दोषों के कारण यह एक कठिन कार्य था,संघ अपनी शाखाओं और राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के माध्यम से इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार काम कर रहा है,जो एक सामंजस्यपूर्ण समाज और राष्ट्र के लिए सभी को एक साथ लाता है,कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख धर्मपाल सिंह,जिला सह कार्यवाह विजय शर्मा,जिला मुख्य मार्ग एवं छात्रावास प्रमुख वीरेश सिंह संघ से उपस्थित रहे,इस दौरान रामनारायण जायसवाल,हुकुम साय,गंभीरा राजवाड़े, रामानंद जायसवाल व अन्य गणमान्य आमजन भी उपस्थित रहे।

## बिना प्लास्टर के फर्श पर बैठ बच्चे करते हैं पढ़ाई

# स्कूल भवन जर्जर, निर्माणाधीन कमरे में कक्षाओं का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

डाम्हाटोली के प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों को महीनों बाद भी नए भवन में पढ़ना नसीब नहीं हुआ। हैरानी की बात तो यह है कि जर्जर स्कूल भवन के समीप ही नए स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है लेकिन महीनों बाद निर्माण पूर्ण नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अब भवन के अभाव में स्कूल का संचालन निर्माणाधीन भवन में संचालित है जहां न तो साफ सफाई है और न ही बच्चों के बैठने के लिए कोई व्यवस्था है जिससे बच्चे निर्माणाधीन भवन के कक्ष में पढ़ाई करने को मजबूर है। भवन में कई काम अधूरे है और कछुआ गति से हो रहे निर्माण का खामियाजा स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**
- महीनों बाद भी भवन नहीं हो सका पूर्ण

शंकरगढ़ विकासखंड के प्राथमिक शाला डाम्हाटोली स्थित प्राथमिक पाठशाला भवन के काफी जर्जर होने जाने तथा बारिश के मौसम में भवन गिर जाने की स्थिति में पहुंच चुकी थी। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर जर्जर स्कूल भवन के नए सिरे से मरम्मत के बजाए परिसर में ही नए भवन निर्माण शुरू किया गया। बरसात के पूर्व ही नए भवन निर्माण का काम शुरू किया गया लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद भवन निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी। इधर बरसात के मौसम शुरू होते ही बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर जर्जर स्कूल भवन में स्कूल का संचालन बंद कर निर्माणाधीन भवन में स्कूल का संचालन शुरू किया है। स्कूल भवन निर्माणाधीन होने तथा दीवार, फर्श सहित विद्युत का काम अब भी शेष है। निर्माणाधीन भवन में लगभग 40 बच्चे पढ़ाई करते है। फर्श व दीवार में प्लास्टर नहीं होने के कारण बच्चे रेत युक्त फर्श पर बैठकर पढ़ाई करते है जिससे उनके कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस तरह से भवन निर्माण हो रहा है उससे सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों को नए भवन के लिए कुछ माह और इंतजार करना पड़ सकता है।



निर्माणधीन स्कूल के कक्ष में रेत पर बैठकर पढ़ाई करते बच्च।

### बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

निर्माणाधीन भवन के कक्ष में कुछ व्यवस्था नहीं होने से इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। बच्चे तो स्कूल आते है और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के पश्चात पढ़ाई नहीं होने से कक्ष में खेलने और मध्याह्न भोजन कर घर लौट जाते है। ऐसे में शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत डाम्हाटोली में स्कूल भवन का निर्माण शुरू हुए कई महीने हो गए बावजूद भवन आधा अधूरा पड़ा हुआ है। ऐसा नहीं है कि भवन अधूरे होने की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को नहीं दी गई बावजूद इसके किसी प्रकार पहल नहीं करने से बच्चे निर्माणाधीन भवन में पढ़ाई करने को मजबूर है।

#### बीमारी का खतरा

बच्चे जिस निर्माणाधीन भवन के कक्ष में पढ़ाई करते है उस कक्ष में प्लास्टर नहीं होने से न सिर्फ बच्चों के कपड़े गंदे होते है बल्कि मिट्टी धूल में खेलने से बीमारी का खतरा होता है। कक्ष में खिड़की, दरवाजा नहीं होने के कारण बारिश होने के दौरान पानी के छिटे कक्ष में आ जाते है जिससे बच्चों काफी दिक्कत होती है।

#### सुरक्षा की दृष्टि से लगाई जा रही क्लास

पुराना स्कूल भवन काफी जर्जर हो गई है। सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों को निर्माणाधीन भवन में पढ़ाया जा रहा है। भवन में कई काम शेष है जिसके पूर्ण होने के बाद बच्चों को परेशानी नहीं होगी।

-विजय कवंर
एबीओ



## विधायक ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल व्यवस्था बहाल करने केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्य का विधायक रामकुमार टोप्पो ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सालों बाद भी आधे अधूरे निर्माण कार्य देख विधायक नाखुश नजर आए। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों की क्लास लेते हुए एक डेडलाइन जारी किया और कहा कि 30 नवंबर तक घरों में जलापूर्ति शुरू हो जानी चाहिए, इसके बाद भी अगर लेट लतीफी हुई तो इसके जिम्मेदार संबंधित अधिकारी होंगे।

- 30 नवम्बर तक तक घर तक जल आपूर्त शुरू करने का दिया समय

विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल अभियान शुरू की गई थी। वर्ष 2015 से शुरू इस योजना को 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन केंद्र सरकार का यह सपना विभागीय अधिकारियों की इच्छाशक्ति के अभाव में आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने ग्राम उलकिया गुतुरमा बेलगांव में जलजीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आधे अधूरे कार्यो की बदहाल स्थिति देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इस बदहाल स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए अपनी फटकार लगाई। विधायक ने इस योजना को लेकर 30 नवंबर तक डेडलाइन तय करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा तक लोगों को इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाना चाहिए इसमें अब कोई लेट लतीफी या किसी तरह की बहानेबाजी नही चलेगी।अगर ऐसा हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही तय है।

इस संबंध में विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि केंद्र सरकार देश की जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजना चला रही है। जिसमें से एक जल जीवन मिशन योजना है। इसका उद्देश्य हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है ताकि लोगों को दूषित संक्रमित और गंदे पानी एवं इससे होने वाली जानलेवा बीमारियों से छुटकारा मिल सके। मैंने हर घर जल पहुंचाने की एक समय सीमा तय कर दी है अगर समय सीमा में यह कार्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## पीईकेबी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार नौ वर्षों से आयोजित हो रही जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन इस वर्ष भी परसा ग्राम में बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह टूर्नामेंट 2015 से निरंतर आयोजित हो रहा है। इस बार 11 दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में 9 जिलों के 24 गांवों से कुल 360 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और झारखंड राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ विदेशी खिलाड़ी के भी सेमीफाइनल और फाइनल के दौरान भाग लेने की संभावना है।

- तीन राज्य के 360 खिलाड़ी ले रहे भाग

ग्राम पंचायत परसा एवं आदर्श टाइगर यूथ क्लब की सहभागिता से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों से जोड़ना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में परसा ए और बी, घाटबर्रा, साल्ही, वृंदावन, जगन्नाथपुर क्लब, दादा भाई बैकुंठपुर, स्टार क्लब लखनपुर, चर्चा कॉलोनी बैकुंठपुर, चंदन नगर, रेबल पैंथर लुण्ड्रा, गिनाबहार जशपुर, वीरपुर, यूनाइटेड इलेवन अंबिकापुर, ग्राम दुग्गा शिवनगर, एमएस वैढन, सीवी रमन बिलासपुर, एटीके रायपुर, शक्ति एकेडमी कोरबा, हिरवा क्लब सिंगरौली, रामा रायपुर, डीसी कोटमा और गुटुरमा की टीम ने भाग लिया है। प्रतियोगिता के रेफरी के रूप में रूपेश कुमार सिंह, श्याम नारायण पैकरा, रविंद्र राजवाड़े और लव कुमार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैन ऑफ द मैच, बेस्ट स्कोरर, बेस्ट गोलकीपर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जैसे विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।



प्रथम विजेता टीम को 61 हजार नगद, उप विजेता को 41 हजार नगद तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। पहला मैच घाटबर्रा और गुटुरमा के बीच हुआ, जिसमें गुटुरमा ने पेनल्टी के माध्यम से 1-0 से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच अमोल टोप्पो रहे। दूसरा मैच साल्ही और चंदन नगर के बीच हुआ, जिसमें साल्ही ने 4-3 से जीत हासिल की।

इस दौरान सिद्धार्थ बाबा, ओम प्रकाश पैकरा, श्रीमती रैमुनिया करियाम, मुन्ना सिंह पैकरा, श्रवण वरकड़े, श्रीमती तुलसी उईके, विजय करियाम, पाल, अदाणी इंटरप्राइजेज के क्लस्टर हेड मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## कोल कर्मियों के संडे ड्यूटी आबंटन को लेकर एसईसी एल प्रबंधन ने जेसीसी की बैठक बुलाई

**बिश्रामपुर।** गत पांच अक्टूबर को आमगांव खदान में संडे ड्यूटी विवाद को लेकर खदानकर्मियों द्वारा पांचों यूनियन की अगुवाई में एक दिनी कार्य बहिष्कार होने के बाद कम्पनी प्रबंधन ने मंगलवार को क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाई, इसमें सभी यूनियन के जेसीसी सदस्यों के समक्ष प्रबंधन ने अपनी बातों को रखा और कहा कि क्षेत्र की कोयला उत्पादन की स्थिति अच्छी नहीं है,भूमि विवाद के कारण दोनों ओपन कास्ट खदाने लगभग बंद पड़ी है,उत्पादन के हिसाब से ही क्षेत्र को संडे पीएच का सालाना बजट आबंटन कंपनी मुख्यालय से प्राप्त होता है,इस वर्ष 25 करोड़ रुपये का बजट कम्पनी मुख्यालय से प्राप्त हुआ है जिसमें अब तक 17 करोड़ के ऊपर खर्च हो चुके हैं और अभी वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के छह माह बाकी हैं,ऐसे में बजट राशि सहित खदान में मैन पॉवर की आवश्यकता को ध्यान में रखकर संडे ड्यूटी का वितरण प्रबंधन कर रही है,प्रबंधन की तरफ से क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने समिति के सदस्यों से कहा कि कंपनी मुख्यालय से संडे पीएच के बजट को अतिरिक्त बढ़ाने के लिए यूनियन स्तर पर प्रयास करें तब उनकी मांग पूरी हो सकती है,जीएम डॉ संजय सिंह ने बैठक में उपस्थित खदान के अधिकारियों को कहा कि संतुलन और सामंजस्य बनाने के लिए प्रयास करें और खदान के सभी कर्मियों को संडे ड्यूटी का लाभ मिले इसके लिए सभी कर्मियों को बारी बारी से संडे ड्यूटी का रोस्टर के हिसाब से वितरण करें,उन्होंने कहा कि सभी को संडे ड्यूटी देना संभव नहीं है,बैठक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक के अतिरिक्त महाप्रबंधक संचालन जी के रॉय, क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन एसकेपी शिंदे,सब एरिया मैनेजर विजय कुमार सहित सभी पांचों यूनियनों के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

- रोस्टर बदलने के अनुसार कर्मियों को सीमित सन्डे पीएच की हाजिरी देने का महाप्रबंधक ने दिया निर्देश

## नाई समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रामचंद्रपुर।** नाई समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप अपनी मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया है। प्रतिनिधियों ने बताया कि नाई समाज के लोग परम्परागत रूप से सैलून व्यवसाय से जुड़े हैं जो समाज के लोगों की आजीविका के साथ ही उनकी सांस्कृतिक पहचान है। सैलून व्यवसाय को प्रदेशस्तर पर नाई समाज के लिए आरक्षित करने पर उनकी पारंपरिक जीविका सुरक्षित रहेगी। सैलून की आड़ में चल रहे स्पा सेंटरों में असामाजिक गतिविधियों की जांच कराई जाए। इसके लिए आवश्यक कानून भी बनाया जाए। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड द्वारा आज पर्यंत समाज के लोगों को कोई लाभ नहीं दिया गया है। योजनाओं का लाभ समाज के लोगों को मिले इसके लिए विशेष पहल की आवश्यकता है। शासन द्वारा शासकीय स्तर पर होने वाली हेडमेन सहित अन्य पदों पर समाज के लोगों को प्राथमिकता देने सेन समाज के अध्यक्ष सेन महाराज की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।




## विश्वकर्मा समाज के युवक-युवती सम्मलेन में जुटे युवा

**अम्बिकापुर।** पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में विश्वकर्मा मनु कल्याण संघ द्वारा रविवार को युवक-युवती परिचय उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा, लौहकर बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल विश्वकर्मा एवं अशोक बजाज एवं माणिक लाल विश्वकर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। समाज के युवा-युवतियों ने अपनी योग्य और पारिवारिक स्थिति की जानकारी दी। सम्मेलन में संरक्षक राजेश विश्वकर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एसएन वर्मा, उपाध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, संयुक्त मंत्री हरिलाल शर्मा, मंत्री शेषनाथ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## भांडी में स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही सतत निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

ग्राम भांड़ी में बीते दिनों उल्टी-दस्त की समस्या के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्राम भाड़ी के जूनापारा, कंवरपारा और रजबहर में गुरूवार से डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान मंगलवार को एक नया मरीज पाया गया है, जबकि पुराने सभी मरीजों का उपचार जारी है और सभी स्वस्थ है।

- डोर टू डोर सर्वे में मिला सर्दी-जुकाम का नया मरीज

लगातार किए जा रहे सर्वे में एक सर्दी-जुकाम का मरीज मिला हैं। इस बीच स्वास्थ्य अमले द्वारा सभी पानी टंकियों की सफाई ब्लीचिंग पाउडर से की गई है तथा शेष जल स्त्रोतों को भी क्लोरीन से उपचारित किया गया है। बीते सोमवार को खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में जिला स्तरीय टीम ने ग्राम भांड़ी के विभिन्न जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया और दस्त से ग्रसित मरीजों के स्टूल सैंपल लेकर जिला अस्पताल की प्रयोगशाला भेजा।





सरपंच की उपस्थिति में ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने, भोजन एवं पेयजल का स्वच्छ रखरखाव करने के लिए जागरूक किया गया है वहीं मितानिनों के माध्यम से गांव में लगातार घर-घर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है ताकि बीमारी पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सके। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गांव में स्थिति नियंत्रण में है और सतत निगरानी कर नए प्रकरण पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

# लोक कला मंचन केदमा दशहरा की गौरवशाली परंपरा : हर्ष

**अम्बिकापुर।** केदमा दशहरे में विशाल नाटक प्रतियोगिता ,रावण दहन एवं भव्य आतिशबाजी सदैव आकर्षण का केंद्र बिंदु रही है ! 3 तीन हजार की जनसंख्या वाले ग्राम में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति लोक कला एवं सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रगटीकरण ही है ! रायगढ़ कोरबा एवं सरगुजा से आमंत्रित विभिन्न नाटक मंडलियों द्वारा रामायण महाभारत एवं धार्मिक कथाओं के विभिन्न कथानकों का सरगुजा एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में लोक मंचन केदमा दशहरे को सरगुजा जिले में अतिरिक्त विशिष्टता प्रदान करता है। विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष के आतिथ्य दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सज्जू सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- विशाल जन समूह के बीच हुआ 40 फ़ीट उचे रावण का दहन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद हर्ष ने कहा कि सनातन संस्कृति का लोक कला के माध्यम से सजीव मंचन केदमा दशहरा की गौरवशाली परंपरा को सदैव अलंकृत करते आया है आदिवासी समाज की व्यापक सहभागिता जातिवाद का गंदा खेल खेलने वालों के मुंह पर करारा तमाचा है विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष दशहरा में नाटक मंडलियों के प्रोत्साहन एवं भव्य आतिशबाजी के लिए अतिरिक्त आर्थिक प्रबंधन किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक अरविंद अग्रवाल ने दशहरा के कार्यक्रम को ऐतिहासिक निरूपित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं को मजबूत करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं कार्यक्रम को दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सज्जू सिंह मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक जनपद अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह पूर्व समिति अध्यक्ष रामलाल सिंह ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन महेश्वर पैंकरा एवं आभार प्रदर्शन सुनील अग्रवाल ने किया। अतिथियों द्वारा रावण दहन करने के पश्चात समिति द्वारा भव्य एवं अलौकिक गगन चुंबी आतिशबाजी कर उपस्थित विशाल जन समूह में रोमांच पैदा कर दिया।



इस दौरान चल रही नाटक प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतिभागी दलों से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51000 ढेंगुरडीह रायगढ़ द्वितीय पुरस्कार 35000 बूले सरगुजा तृतीय पुरस्कार 25000 अमलडीहा कोरवा को प्रदान किया गया आमंत्रित अतिथियों को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान दिया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, राकेश साहू, कौला प्रसाद चौहान, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह, बुद्ध मोहन सिंह, मूलचंद अग्रवाल, मनीष बंसल, अशोक बंसल, यशनाथ यादव, कलम सिंह, गिरीश बहादुर, संतोष मंझवार, राजेंद्र पैंकरा, करमसाय मंझवार, सोनसाय पटेल, सोमार साय, मांगेराम, राजेश पैंकरा, मोहनलाल पटेल, उमाशंकर मिश्रा, सुखदेव यादव, अनूप विश्वास, दीनानाथ यादव, अशोक बाबा, साहिल पैंकरा, मनीष यादव, मोती यादव, घुरदास, मनबहाल, स्वयंवर यादव, बहाल राम, गंभीर पैंकरा सहित दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं विशाल संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।



# बाहुबली: द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबली: द बिगनिंग और बाहुबली 2: द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबली: द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

## लाइफ Style



# नोरा
## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।




# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। । बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुर: द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुर: द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुर: द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेटेंड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

## टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए।



बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस
## अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।


### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

***नई दिल्ली।*** *करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे :*** *अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

खबर संक्षेप

## गंभीर जानकारी नहीं करें शेयर : सरपंच

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिछोर उमरिया के सरपंच श्रीमती रामेश्वरी महेन्द्र साव ने साइबर क्राईम से बचने क्षेत्र के लोगों से अपनी गंभीर जानकारी साझा न करने की अपील की है। क्योंकि इससे जहां वित्तीय हानि होती है तो वहीं संबंधित व्यक्ति ब्लैकमेलिंग का भी शिकार होता है। जानकारी के अनुसार सुरक्षा विभाग के क्राईम ब्रांच की टीम पुसौर आई हुई थी, जो इन्हें जनप्रतिनिधि होने के नाते इनसे इस तथ्य की अपील कराई कि किसी भी अनजान काल को न उठाए, आए हुए विडियों को डाउन लोड न करें वहीं फोन के जरिए किसी भी व्यक्ति को अपनी वित्तीय संबंधी जानकारी एकाउंट नंबर, पीन कोड ओटीपी आदि शेयर न करें। इस तथ्य का इनका एक विडियो क्लीप के माध्यम से थाना कार्यालय से जारी हुआ है। ज्ञात हो कि रामेश्वरी साव अपने ग्राम पंचायत के विकास कार्यो के लिये काफी संवेदनशील हैं।

## किराना दुकान से चोरी आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** किराना दुकान से चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल 28 सितंबर की रात्रि 8 बजे शिकायतकर्ता उमेश नायक (54) अपरबालीजोड़ी ने थाने में आकर एक लिखित शिकायत दी कि 27 सितंबर की रात कुछ अज्ञात अपराधियों ने 2 कार्टून तेल, 2 कार्टून कमला पसंद गुटखा और अन्य किराना सामान की चोरी की। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 17,000 रुपए है। पिछले 6 महीनों में किराना दुकानों से तीन बार चोरी हो चुकी है। शिकायतकर्ता ने सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड की गई चोरी की घटना का दृश्य प्रस्तुत किया था। जांच के दौरान रघुनाथपाली पुलिस ने चोरी के मामले का सफलतापूर्वक पता लगाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## फर्जी यूपीआई से ठगी आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** मौज मस्ती और ऐशो आराम के लिए फर्जीवाड़ा करने वाले विशाखापत्तनम निवासी युवक बी सुधीर 22 वर्ष को उदितनगर पुलिस ने मंगल भवन के एक टेलर शॉप से गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को एसपीजी कमांडो बताकर लोगों को भ्रमित करता था और फाइव स्टार होटलों में ठहरकर फर्जी यूपीआई भुगतान के जरिए ठगी की वारदातों को अंजाम देता था। सूत्रों के अनुसार, सुधीर ने दो दिन पहले टाटा स्थित ताज होटल में 44 हजार रुपए का फर्जी भुगतान कर ठगी की और सोमवार को राउरकेला पहुंचा। इसके बाद वह राउरकेला के होटल मैफेयर विलेज़ में ठहर गया। ताज होटल प्रबंधन ने मोबाइल ट्रेस कर राउरकेला में उसकी मौजूदगी की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। राउरकेला में भी उसने मैफेयर गार्डन में बिरयानी खाकर फर्जी भुगतान किया। लेदर के जूते और पार्क एवेन्यू से कपड़े खरीदे, फिर मंगल भवन स्थित टेलर शॉप में कपड़ों की अल्टरिंग करवा रहा था। उसी दौरान उदित नगर थाना प्रभारी डी लाकड़ा के नेतृत्व में पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उसे रंगेहाथ पकड़ लिया।

# कर्ज होने पर इकलौते बेटे ने अपने ही अपहरण की कहानी बनाकर पिता से मांगी थी 10 लाख रुपए की फिरौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मोबाइल एप में लोन व दोस्तों से लिया था 3 लाख रुपए उधार

- मोबाइल लोकेशन पर पुलिस ने गौरेला रेलवे स्टेशन से युवक को पकड़ा
- गर्लफेंड व सूखे नशे में उड़ा रहा था मोटी रकम
- सिविल लाइन पुलिस को मिली सफलता



पिता को फोन कर स्वयं के अपहरण होने व स्वयं के बैंक खाते में फिरौती की रकम 10 लाख रुपए जमा करने की बात करने पर पहले ही दिन से पुलिस को फर्जी अपहरणकांड की आशंका थी। आखिर आशंका सही साबित हुई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर गौरेला रेलवे स्टेशन से युवक को बरामद कर लिया है। पूछताछ में उसने मोबाइल एप से लोन व दोस्तों से 3 लाख रुपए कर्ज होने पर अपने ही अपहरण होने की झूठी कहानी बताकर अपने पिता से 10 लाख रुपए फिरौती मांगना स्वीकार कर लिया है।

जशपुर देहराखार नायणपुर निवासी संजय कुमार यादव पिता बालेश्वर यादव 29 साल पिछले 10 साल से बिलासपुर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसने एमएससी की है। वर्तमान में वह कस्तूरबानगर में कोरबा की एक युवती के साथ लिवइन में रह रहा था। 1 अक्टूबर को उसने। अपने पिता को फोन कर बताया वह बिलासपुर से घर आ रहा है। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचने व फोन नहीं लगने पर दूसरे दिन पिता बालेश्वर यादव खोजते हुए बिलासपुर आ गए। मकान में ताला लगा मिला और मोबाइल बंद आ रहा था। उसके बाद संजय कुमार यादव अपने पिता को फोन कर 8 से 10 लोगों के द्वारा अपहरण कर लेने व 10 लाख रुपए फिरौती मांगने व पैसा अपने बैंक खाते में जमा करने की बात कहने लगा। ऐसा उसने कई बार फोन कर कहा और मोबाइल बंद कर लेता था। पुलिस को पहले से ही अपहरणकांड फर्जी होने की आशंका थी। किन्तु सीएम



जशपुर के युवक का शहर में अपहरण, पिता से 10 लाख रुपए फिरौती की मांग

हरिभूमि में 6 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

हाउस से फोन आने पर पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को युवक के मोबाइल का लोकेशन कटनी में मिला।

सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर पुलिसकर्मी सड़क मार्ग से कटनी जा रहे थे। शहडोल के पास युवक के मोबाइल का लोकेशन गौरेला रेलवे स्टेशन बताने लगा। तत्काल पुलिस टीम गौरेला के लिए रवाना हो गई। गौरेला रेलवे स्टेशन में पुलिस टीम ने दबिश लापता संजय कुमार यादव को बरामद कर लिया। उसके बाद पुलिस टीम ने राहत की सांस ली।

### मोबाइल एप में लोन दोस्तों से लिया था कर्ज

विवेचक एसआई श्री कुर्रे ने बताया, संजय यादव माता पिता का इकलौता बेटा है और उसकी चार बहने हैं। वह शहर में किराए के मकान में रहकर कोरबा के गर्लफ्रेंड के साथ लिवइन में रह रहा था। इसके अलावा सूखा नशा करने का आदी हो गया था। पूर्व में कर्ज होने पर अपने किसान पिता से 2.50 लाख रुपए लिया था। उसके बाद भी वह मोबाइल एप से लोन व दोस्तों से करीब 2.50 से 3 लाख रुपए कर्जा लेकर गर्लफ्रेंड व नशा में खर्च चुका था। पहले पिता से आसानी से मोटी रकम दे देने पर कर्जा की रकम पटाने के लिए उसने योजना बनाकर अपनी झूठी अपहरण की कहानी बनाई और अपने पिता से 10 लाख रुपए की फिरौती मांग

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी नगर वासियों को बधाई

# नपं पुसौर में हुआ 15 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

बरसात के बीच भी नगर पंचायत पुसौर में आज विकास के प्रति नागरिकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह अवसर था 15 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास का। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नगर पंचायत पुसौर के बाजार चौक में 19.78 लाख रुपये की लागत से अटल परिसर निर्माण व भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पुसौर नगर पंचायत में विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। आज के कार्यक्रम में 14 करोड़ 3 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं 1 करोड़ 27 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने बताया कि बीते 20 महीनों में पुसौर नगर पंचायत को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 18 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।







### इन कार्यों का हुआ शिलान्यास

नपं पुसौर में 14 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से 12 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें 26.79 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाली निर्माण कार्य, 86.40 लाख रुपए की लागत से रानी सागर तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य, 51.85 लाख रुपए की लागत से पशु चिकित्सालय से गांधी चौक तक सौंदर्यीकरण कार्य, 408.58 लाख रुपए की लागत से बोरोडीपा चौक से कॉलेज रोड निर्माण कार्य, 75 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 3 बस स्टैंड के पास उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य, 75 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 12 बड़े तालाब के पास उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य, शाउमा विद्यालय पुसौर में कुल 80 लाख रुपए की लागत से स्टील शेड, लाइब्रेरी सह प्रयोगशाला एवं सभाकक्ष निर्माण कार्य, 7.08 लाख रुपए के लगा से वार्ड क्रमांक 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल हेतु पाइपलाइन विस्तार कार्य, 65 लाख रुपए की लागत से तुरंगा में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य और 527.79 लाख रुपए की लागत से कसई नाला पर उच्च स्तरीय सेतु एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है।

### किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं : ओपी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए हर क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिख रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को दो वर्ष का बोनस 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी एवं 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधोसंरचना, सड़कों, पुल पुलियाओं, नगरीय सुविधाओं एवं वार्ड स्तर के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। नागरिक किसी भी गड़बड़ी की जानकारी दें, विभाग तत्परता से सुधार करेगा।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण

नगर पंचायत पुसौर में 127 करोड़ रुपए की लागत से 5 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें 30 लाख रुपए की लागत से जल आवर्धन पंप हाउस के पास कांप्लेक्स निर्माण कार्य, 19.78 लाख रुपए की लागत से बाजार चौक के पास अटल परिसर निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना कार्य, 48.84 लाख रुपए के लागत से पेट्रोल पंप के सामने काम्प्लेक्स निर्माण कार्य 8.71 लाख रुपए के लागत से वार्ड क्रमांक 15 के स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य और 20.33 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 15 के स्टेडियम में बॉक्स क्रिकेट एलईडी लाइट सहित निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्य शामिल है।

# होटल मालिक की हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राउरकेला

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर के शादीपुर इलाके में होटल के सह मालिक 49 वर्षीय नियामत अली की तमिलनाडु के चेन्नई में 27 जुलाई को एक जघन्य साजिश के तहत गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह योजना काफी दिनों से तैयार थी और आरोपियों ने इसे अंजाम देने के लिए टीवी पर चलते अपराध धारावाहिकों से प्रेरणा ली थी।

हत्या के बाद शव को कार के बूट में रखकर करीब 30 घंटे की थकान भरी यात्रा के बाद आंध्र प्रदेश से होते हुए राउरकेला की ब्रह्मणी नदी किनारे एक बोरे में बांधकर फेंक दिया गया। तमिलनाडु के तांबरम पुलिस स्टेशन की टीम ने व्यापक जांच के बाद मुख्य आरोपी मुनताक़ीम अहमद और उसके दो साथियों राकिब व अब्दुल रज्जाक को 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार ये तीनों आरोपी नियामत अली के व्यावसायिक साझेदार थे, जिनके बीच लंबे समय से विवाद था। नियामत अली का अंतिम बार चेन्नई के वंडलूर क्षेत्र में एक छात्र के साथ देखा गया था, जिसने पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग पहुंचाए। पुलिस अब भी दो अन्य संदिग्धों की तलाश में है जो हत्या में शामिल बताए जा रहे हैं। जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने पहले नियामत अली को नशे की हालत में रखा, फिर कार में उसे गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी शव को कार के बूट में छुपाकर तमिलनाडु से आंध्र प्रदेश होते हुए राउरकेला तक ले गए। हत्या की योजना इतनी सटीक और सुनियोजित थी कि आरोपियों ने पुलिस को संतुष्टि देने के लिए अपराध धारावाहिकों से मॉड्यूल और तकनीक सीखी थी।

मामला तमिलनाडु का है, इसलिए जब तक वे नहीं पहुंच जाते, इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती।
**नितेश वाधवानी, एसपी, राउरकेला**

## अब सीकेपी डीआईवी में लेट नहीं होंगी ट्रेनें

राउरकेला। रेलवे बोर्ड ने विशेष ट्रेनों के विलंब को लेकर सख्त निर्देश जारी किया है। इसमें ट्रेनों की रियल टाइम निगरानी करने को कहा गया है। यही नहीं रेलवे बोर्ड ने अब इन खास ट्रेनों के विलंब की सीधी जिम्मेदारी मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) को दे दी है। यानि यदि ट्रेनें विलंब होती है तो उसके लिए जिम्मेदार डीआरएम भी ठहराए जाएंगे। रेलवे बोर्ड का यह आदेश उन ट्रेनों के लिए है जो रेलवे की नजर में विशेष कैटेगरी में आती है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



**खरसिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खरसिया की बस्ती क्रमांक 3 खाटू श्याम बाबा ने खरसिया नगर में पथ संचलन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण पश्चात टाउनहाल मैंदान में सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। जहां मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह भयभंजन बेहरा एवं मुख्य अतिथि डा. सत्यम पटेल द्वारा स्वयंसेवको को संबोधित किया गया।

विदित हो कि 100 वर्ष पूर्व विजयादशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षो से चली आ रही उस परंपरा का पुर्नस्थापना था जिसमें राष्ट्र चेतना समय समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। विजयदशमी 1925 से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 2025 की विजयादशमी पर अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। किसी भी संस्था के लिए ऐसा अवसर गौरव का प्रसंग होता है।

100 साल पहले डॉ हेडगेवार द्वारा रोपा गया संघ का यह पौधा आज एक विराट वटवृक्ष की तरह अपनी शाखाओं, प्रशाखाओं के साथ राष्ट्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को आच्छादित किए हुए हैं। संघ प्रारंभ से राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। आज पूरे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना शताब्दी वर्ष पर मना रहा है। इसी क्रम में खरसिया में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों ने 5 अक्टूबर को खरसिया की बस्ती क्रमांक 3 खाटू श्याम बाबा शाखा ने नगर में पथ संचलन किया। इस दौरान स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता रायगढ़ विभाग कार्यवाह भयभंजन बेहरा ने कहा कि संघ के यह 100 वर्षो की गौरवशाली यात्रा राष्ट्र को समर्पित है।

## मातृशक्ति दुर्गावाहिनी ने मनाया रासोत्सव



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर नगर में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 6 अक्टूबर को मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी इकाई चंद्रपुर द्वारा गोपाल महाप्रभु मंदिर में रास उत्सव मनाया गया। सर्व हिन्दू महिला समाज को लेकर चलने वाली मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बताया कि जिस प्रकार शरद पूर्णिमा के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने वृन्दावन में रास रचाया था ठीक उसी प्रकार से हमने रास उत्सव का आयोजन किया है। रास मतलब आत्मा का परमात्मा से मेल को रास कहा जाता है। जितने गोपी उस रास में उपस्थित थे सभी संत और ऋषि, महर्षि थे। दूसरे जन्म में वे गोपी रूप में परमब्रम्ह से मिलन हुआ रास के माध्यम से। रास का कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक हुआ। इसके बाद राधा कृष्ण की भव्य आरती के साथ खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
क्रमांक /Q/ रीडर-1/2025 बगीचा, दिनांक 01.10.2025

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत जुरुडांड तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभाष अग्रवाल पिता झंडुमल जाति अग्रवाल सा. बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम जुरुडांड प.ह.नं. 26 में स्थित खसरा क्रमांक 296/21 रकबा 0.186 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1. रजिस्ट्री बैनामा, की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 15.10.2025 को न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5. 30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
क्रमांक /Q/ रीडर-1/2025 बगीचा, दिनांक 01.10.2025

**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा समस्त आम जनता नगर पंचायत बगीचा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार गोयल पिता सुभाष जाति अग्रवाल निवासी ग्राम अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा ग्राम बगीचा प.ह.नं. 23 में स्थित खसरा क्रमांक 104/4 रकबा 0.040 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से दान में प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा, की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 15.10.2025 को न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/ रीडर-3/2025 बगीचा,
दिनांक: 08/10/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत पेटा तहसील बगीचा जिला-जशपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार अग्रवाल पिता रामनिवास अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम कुरूमकेला तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा भूमि ग्राम पेटा प.ह.नं. 22 रा.नि.म. बगीचा में स्थित खसरा 116 रकबा 1.570 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि में से रकबा 0810 हैं। भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि की औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 15/10/2025 को न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 3/10/2025

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत बिमड़ा तहसील बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामअवतार पिता सूरजभान जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा भूमि ग्राम बिमड़ा प.ह.नं. 21 रा.नि.म बिमडा में स्थित खसरा 76 रकबा 0.506 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 15.10.2025 को न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 3.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी-बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.)**




## पृष्ठ 1 का शेष

### छत्तीसगढ़ में डेढ़...

होगा। इसमें राज्य के अनुसूचित क्षेत्र, माडा पाकेट क्षेत्र एवं विशेष रूप से सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग के ग्राम शामिल होंगे। 2 लाख रूपए की पुरस्कार राशि- जिला स्तर पर आयोजित जनजातीय करम महोत्सव में प्रथम आने वाले को 50 हजार द्वितीय को 25 हजार एवं तृतीय आने वाले दल को 15 हजार रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित नर्तक दल को 10,000 रूपए के मान से सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसी तरह राज्य स्तर पर आयोजित जनजातीय करम महोत्सव में प्रथम आने वाले दल को 02 लाख रूपए, द्वितीय को 01 लाख रूपए एवं तृतीय आने वाले दल को 50 हजार रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित नर्तक दल को 25 हजार रूपए के मान से सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। करम महोत्सव 2025 का आयोजन संचालक, आदिम जाति अनुसंधान तथा प्रशिक्षण संस्थाना नवा रायपुर के समन्वय एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न चरणों में जनजातीय लोक गायकों का प्रतिनिधित्व एवं जनजातीय समुदायों में प्रचलित परम्परागत वाद्य यंत्रों आदि की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम की करम नृत्य दल का चयन ग्राम स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत केवल एक ही दल को विकासखण्ड स्तर के महोत्सव के लिए चयनित करेंगें। विकासखण्ड मुख्यालय में होने वाले प्रदर्शन के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले करम नृत्य दल जिला स्तर में आयोजित होने वाले महोत्सव में अपनी प्रस्तुतीकरण देंगें। जिला स्तर के प्रस्तुतीकरण में अपने जिले से प्रथम स्थान पाने वाला दल प्रदेश स्तरीय नृत्य महोत्सव में अपना प्रस्तुतीकरण देंगें। सरगुजा संभाग अंतर्गत जिले सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और बिलासपुर संभाग अंतर्गत बिलासपुर, कोरबा, रायगढ जिले में होगा। जिला एवं राज्य स्तर में प्रदर्शन करने वाली प्रत्येक करम नृत्य दल को प्रदर्शन हेतु अधिकतम 15 मिनट की समय-सीमा निर्धारित है। राज्य स्तर पर प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक करम नृत्य दल अपने पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुतीकरण करेंगें। करम महोत्सव आयोजन में सम्मिलित होने वाले जिले एवं प्रदेश स्तर के प्रतिभागी महिला एवं पुरुषों के लिए परिवहन, भोजन और आवास की समूचित व्यवस्था की जाएगी। मुख्य कार्यकम के साथ-साथ विभिन्न चरणों में जनजाति लोक गायकों का प्रतिनिधित्व एवं जनजाति समुदायों में प्रचलित परम्परागत वाद्ययंत्रों आदि की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

### मनोकामना पूर्ण करने ...

जनजातीय संस्कृति, उनके पारंपरिक रीति-रिवाज और कला संस्कृति का बढावा देना और संरक्षित करना है। राज्य में करम उत्सव को चार भिन्न-भिन्न उद्देश्यों के साथ अगस्त सितम्बर माह (भादो) से अक्टूबर- नवम्बर माह (कार्तिक) तक संपूर्ण सरगुजा संभाग के जिले एवं रायगढ, महासमुंद, कोरबा बिलासपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलों में स्थानीय जनजातीय समूहों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### ऑपरेशन आघात में ...

सिंह (30 वर्ष), निवासी मानुचर, चौकी चमकी नगर, तरनतारन (पंजाब) दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। हरियाणा से लोड कर रांची होते बिहार भेजी जा रही थी शराब- सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को 7 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंजाब-हरियाणा से अवैध अंग्रेजी शराब से भरा एक ट्रक जशपुर होते हुए रांची और वहां से बिहार ले जाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आगडीह के पास नेशनल हाइवे 43 पर नाकेबंदी की। इस दौरान आरजे-09-जी ई -0124 नंबर का संदिग्ध ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रोककर तलाशी ली। ट्रक की ट्रॉली में भूसी की बोरियों के नीचे 426 कार्टून में अंग्रेजी शराब छिपाई गई थी। पुलिस ने मौके पर ही ट्रक सहित शराब और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली आशीष कुमार तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक मनोज भगत, प्रधान आरक्षक भोला सिंह राठौर, आरक्षक उपेन्द्र सिंह, राम प्रताप यादव, प्रवीण तिर्की, अभय तिर्की, रवि राम, और नगर सैनिक थानेश्वर देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जशपुर पुलिस की लगातार कार्रवाई- जशपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में अब तक शराब तस्करी के चार बड़े प्रकरणों का खुलासा किया है। इन सभी में पंजाब व हरियाणा से बिहार भेजी जा रही अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी गई है। सभी चार प्रकरणों को मिलाकर पुलिस अब तक 2734 कार्टून में कुल 24,440 लीटर शराब जब्त कर चुकी है, जिसकी कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक है।